06- JULY- Pg- 1-ALL BHOOMI_Layout 1 7/6/2024 10:26 PM Page 1



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

2880 रुपए की पेटी कमाई बंटती थी छह हिस्सों में, ऊपर तक जाता था पैसा

अफसर, डिस्टलरीज और बिचौलियों का बनाया गया था रैकेट

## कमीशन की राशि 75 से बढ़कर सौ रुपए तक पहुंची

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2019-20 में शराब में प्रति पेटी 75 रुपए कमीशन देना तय हुआ। बाद के वर्षों में कमीशन की राशि 100 रुपए कर दिया गया। शराब निर्माता कंपनियों कमीशन देने में नुकसान न हो इस बात का भी ध्यान रखा गया, इसके लिए साल के नए टेंडर में शराब की कीमतों में उतने ही अनुपात (लोडिंग प्राइज) में वृद्धि की गई। जिसका भुगतान शराब निर्माता कंपनी, सिंडेकेट को नगद तथा अनवर ढेबर और त्रिलोक सिंह ढिल्लन के बनाए गए फर्म में जमा किया जाता था। इसके एवज में शराब निर्माण करने के लिए उपयोग में आने वाले रॉ मटेरियल, कनकी चावल की आपूर्ति में ओवर बिलिंग के माध्यम से करते थे।


ढेबर परिवार के खेत से बरामद किए नकली होलोग्राम, तीन गिरफ्तार

एसीबी को बड़ी कामयाबी, जेसीबी से खोदकर निकाले सबूत, थोक में नकली होलोग्राम जब्त

हरिभूमि फॉलोअप

## दूसरी बैठक में नकली होलोग्राम का विचार

सिंडिकेट द्वारा कमीशन की और ज्यादा वसूली के लिए नई व्यवस्था लाने अनवर ढेबर के होटल में पुनः बैठक बुलाई गई। इसमें डिस्टलरियों से देशी शराब निर्माण कर सीधे दुकान तक पहुंचाने किसी तरह से बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए व्यवस्था बनाई गई। उसी बैठक में अन अकाउंटेड शराब दुकान तक पहुंचाने नकली होलोग्राम का उपयोग करने विचार किया गया। इसके बाद नकली होलोग्राम बनाने एपी त्रिपाठी के माध्यम से उत्तरप्रदेश, नोएडा के विधु गुप्ता से संपर्क कर नकली होलोग्राम तैयार कराया गया। अतिरिक्त शराब के लिए बॉटलिंग की व्यवस्था करने अरविंद सिंह का भतीजा अमित सिंह तथा उसके सहयोगियों को ठेका दिया गया।

# होटल वेनिंगटन में इकट्ठा होती थी शराब की काली कमाई हवाला के जरिए भेजी जाती थी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है। उसमें कोर्ट को बताया गया है कि शराब घोटाले को लेकर पहली बैठक वर्ष 2019 के शुरुआत में अनवर ढेबर के जेल रोड स्थित होटल वेनिंगटन में हुई थी। बैठक में शराब निर्माता कंपनियों के साथ अफसर शामिल हुए थे। बैठक का आयोजन अनवर ढेबर ने किया था। उसके बाद वेनिंगटन होटल ही शराब की काली कमाई का अड्डा बन गया था। काली कमाई वहीं इकट्ठा होती थी।

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट के मुताबिक बैठक में छत्तीसगढ़ डिस्टलरी की ओर से नवीन केडिया, भाटिया वाइंस प्राइवेट लिमिटेड से भूपेंदर पाल सिंह भाटिया तथा प्रिंस भाटिया, वेलकम डिस्टलरीज की ओर से राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू तथा हीरालाल जायसवाल के साथ ही नवीन केडिया के संपर्क अधिकारी संजय फतेहपुरिया उपस्थित हुए थे। अफसरों में अरुणपति त्रिपाठी के साथ ही शराब कारोबारी अरविंद सिंह उपस्थित थे।

## अन अकाउंटेड शराब पहुंचाने 15 जिले चुने गए

अन अकाउंटेड शराब खपाने के लिए 15 जिलों का चयन किया गया। अन अकाउंटेड शराब को खपाने के लिए एपी त्रिपाठी ने जिला आबकारी अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में आबकारी अफसरों को अन अकाउंटेड शराब खपाने सुपरवाइजर के साथ कोआर्डिनेटर को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा अन अकाउंटेड शराब की रकम कलेक्शन करने की जिम्मेदारी अरविंद सिंह तथा विकास अग्रवाल को दिया गया।




## खबर संक्षेप

### कुलगाम में चार आतंकी मारे गए, जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया।



जिले में दो जगहों पर मुठभेड़ देर रात तक जारी रही। इस दौरान चार आतंकी मारे गए। मोडरगाम गांव में आतंकवादियों की सूचना मिली थी।

# दवा निगम में सर्जिकल स्ट्राइक... एक साथ बदले वेयर हाउस के सहायक प्रबंधक

*अनावश्यक दवा और रीएजेंट सप्लाई की जांच के बीच सीजीएमएससी के ड्रग वेयर हाउस में पदस्थ सहायक प्रबंधकों को एक साथ बदल दिया गया है। सभी पिछले दस साल से वहां जमे हुए थे। आदेश जारी कर उन्हें मूल विभाग में वापस भेजे जाने से कई तरह की चर्चा विभागीय स्तर पर हो रही है। हरिभूमि ने दवा निगम में भर्राशाही की खबरें लगातार प्रकाशित की थीं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि निगम में कसावट लाएंगे। बाकी मामलों की जांच चल रही है, रिपोर्ट के बाद सख्त कार्रवाई करेंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में बिना आवश्यकता रीएजेंट की सप्लाई और बिना डिमांड के सरकारी अस्पतालों में अनावश्यक दवा की आपूर्ति के मामले में सीजीएमएससी चर्चा में है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर इन प्रकरणों की उच्च स्तर पर जांच की जा रही है। इसी बीच दवा कार्पोरेशन के कामकाज में कसावट लाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। सीजीएमएससी के राज्य में संचालित 16 औषधि भंडार के प्रभारियों को थोक में बदल दिया गया है।

- दस साल से जमे हुए थे मूल विभाग में भेजा गया चर्चा कई तरह की
- हरिभूमि ने भर्राशाही की खबरें प्रकाशित की थीं, मंत्री बोले अभी और कार्रवाई होंगी


सीजीएमएससी का एक और कारनामा
बिना डिमांड डीकेएस अस्पताल में आईवी फ्लूड सप्लाई
32 लाख की दवा एक्सपायर
हरिभूमि
जरूरिया भेजी गई करोड़ों की दवाएं पहले हुई एक्सपायर अब नष्ट करने में खर्च होंगे लाखों

खास खबर

## इन्हें हटाया गया

अंबिकापुर एवं कोरिया ड्रग वेयर हाउस से मो. वासिम, बिलासपुर से दीपक शर्मा, दंतेवाड़ा एवं जगदलपुर के सहायक प्रबंधक अवनीश कुमार यादव, जयंत कुमार जैन ड्रग वेयर हाउस धमतरी एवं कांकेर, राजकुमार देवांगन ड्रग वेयर हाउस दुर्ग एवं राजनांदगांव, नरोत्तम साहू दवा गोदाम जांजगीर एवं कोरबा, दिलीप कुमार पारही औषधि गोदाम जशपुर एवं रायगढ़, दीपक लांझी कवर्धा, महिमा सिंह दुबे ड्रग वेयर हाउस महासमुंद, विरेंद्र कुमार देवांगन औषधि गोदाम रायपुर को हटाया गया है।

### व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे

स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। अस्पतालों को दवाओं की आपूर्ति बिना व्यवधान के हो, इसके लिए सीजीएमएससी की कार्यशैली में कसावट लाई जा रही है। इसके तहत वेयर हाउस के प्रभारियों को बदला गया है। दवाओं और रीएजेंट की सप्लाई के मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट मिलते ही जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

- **श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री

### लंबे समय से पदस्थ थे

राज्य के सभी ड्रग वेयर हाउस में सहायक प्रबंधकों की नई नियुक्ति की गई है। पुराने कर्मचारी लंबे समय से पदस्थ थे, जिन्हें हटा दिया गया है।

- **पद्मिनी भोई,** एमडी, सीजीएमएससी

## प्रेमप्रकाश की याचिका स्वीकार

# विधायक देवेंद्र यादव को हाईकोर्ट से झटका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

भिलाई से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पूर्व बीजेपी विधायक प्रेम प्रकाश पांडेय की चुनावी याचिका को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है और निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है। दरअसल इससे पहले, विधायक देवेंद्र यादव ने सुनवाई नहीं करने के लिए आवेदन लगाया था। देवेंद्र पर चुनाव के दौरान गलत जानकारी बताने का आरोप लगा है। आपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का भी आरोप है।

- 31 जुलाई को होगी सुनवाई

### आयोग को नहीं बनाया गया पक्षकार

याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि विधायक यादव ने आयोग के दिशानिर्देश और जनप्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन करते हुए संपत्ति के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों को भी दबाने का प्रयास किया है। उन्होंने साल 2018-2019 में उन्होंने अपनी आय 2 लाख रुपए बताई थी। नामांकन पत्र जमा करते समय प्रस्तुत शपथ पत्र में भी अपनी दो लाख की आय होना बताया है।






## खबर संक्षेप



### पाण्डेय को मिला ताल शिरोमणी का सम्मान

**कोरबा।** कौशल महोत्सव 2024 आल इंडिया नेशनल कंपीटिशन ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स जो केपीएस कृष्णा ललित कला महाविद्यालय रामपुर की ओर से 2 से 7 जुलाई तक आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में जिले के पं विवेकशील पाण्डेय व स्मिता पाण्डेय के पुत्र प्रयत पाण्डेय ने तबला सीनियर केटेगरी में प्रथम स्थान एवं ताल- शिरोमणी सम्मान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। प्रयत पाण्डेय एनटीपीसी डीपीएस में कक्षा 8 का छात्र है। इस के पूर्व भी उसने कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नृत्यधाम कला समिति भिलाई द्वारा आयोजित देशराग संगीत प्रतियोगिता में तबला जूनियर केटेगरी में 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त किया और ऑनर ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड भी प्राप्त किया। वर्ष 2022 में उसने अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ पुणे द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोलकाता के टीसीसीआर ऑडिटोरियम में हिन्दुस्तान- आर्ट एण्ड सोसाइटी की ओर से आयोजित भारत- संस्कृति उत्सब ग्लोबल कंपीटिशन 2018, 2020, 2021 में प्रयत लगातार तबला जूनियर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इनकी प्रतिभा को देखते हुए भारत संस्कृति-संस्था ने इन्हें स्कॉलरशिप देने का निर्णय किया।

### समर्थकों ने पूजा-अर्चना कर ज्योतिनंद का मनाया जन्मदिन



**कोरबा।** बजरंग चौक का स्थित हनुमान मंदिर में भाजपा नेता ज्योतिनंद दुबे के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों के द्वारा पूजा अर्चना के साथ हवन कर उनकी लंबी आयु और स्वस्थ जीवन के लिए पूजा अर्चना किया गया।

### अटल विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रेशन पोर्टल एक बार फिर हुआ ओपन

**कोरबा।** कक्षा 12वीं के बाद कॉलेज के स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने आवेदन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छी खबर है। बीते दिनों प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के तहत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर ने प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन क्लोज कर दिया था। इसके बाद भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पंजीयन कराने से चूक गए थे। ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें एक और मौका देते हुए विश्वविद्यालय ने रजिस्ट्रेशन के लिए प्रवेश पोर्टल फिर से ओपन कर दिया है। 5 जुलाई से खोले गए रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर नए विद्यार्थियों को पंजीयन कराने एक और अवसर देते हुए 9 जुलाई तक का समय दिया गया है। इस संबंध में कमला नेहरु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि शिक्षा सत्र 2024-25 के स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर ने ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन पोर्टल एक बार फिर से ओपन कर दिया है। पिछली बार दी गई सुविधा से चूकने वाले विद्यार्थी 5 जुलाई से शुरु किए गए रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन कराने अटल विश्वविद्यालय से दी गई यह सुविधा 9 जुलाई तक प्रदान की गई है।

### सीबीएसई सीटेट की परीक्षा आज दो पालियों में होगी परीक्षा

**कोरबा।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा सीबीएसई सीटेट 2024 का आयोजन कोरबा जिले के आठ विद्यालयों में पहली बार 7 जुलाई को किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जाएगा पहली पाली का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे होगा। इस परीक्षा में कोरबा अंचल एवं आसपास के क्षेत्र के पहली पाली में 3090 एवं दूसरी पाली में 1491 पात्र परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली में पेपर-दो एवं द्वितीय पाली में पेपर-एक की परीक्षा होगी। जिले में यह परीक्षा संेट जेवियर पब्लिक स्कूल, कोरबा, न्यू ईरा प्रोगोससिव स्कूल, कोरबा, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसईसीएल, कोरबा, निर्मला सीबीएसई स्कूल, कैरियर पब्लिक स्कूल, कोरबा, संेट प्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल, कोरबा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खरमोरा, कोरबा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको सहित आठ विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## निधन

### कैलाश चंद जायसवाल



**कटघोरा।** कटघोरा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष जायसवाल गणेश सायकल स्टोर मेन रोड कटघोरा के पिता कैलाश चंद जायसवाल उम्र 71 वर्ष का हृदयाघात से निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई की सुबह 10 बजे राधासागर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## उद्योग मंत्री ने आमजनों को पौधे वितरित कर अभियान को सफल बनाने किया आग्रह

# एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को उद्योग मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वाणिज्य, उद्योग, व्यापार एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को आज कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान रथ के माध्यम से वन मंडल कोरबा अंतर्गत आमजनों को निःशुल्क पौधों प्रदान किया जाएगा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को रवाना करने के पूर्व कलेक्टोरेट परिसर में मंत्री लखनलाल देवांगन ने आम नागरिकों, कर्मचारियों को फलदार एवं छायादार पौधे वितरित कर पौधा रोपण करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सभी की सहयोग अपेक्षित है। हम सभी को एक पेड़ पौधा मां के नाम पर अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी मां को सबसे ज्यादा प्यार करते हैं, इसलिए उसके नाम पर लगाए गए पौधे के प्रति सजग रहेंगे और उसके विकसित होने तक देखभाल भी करेंगे। इससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी कोरबा में विभिन्न औद्योगिक संस्थान हैं जिससे निकलने वाले धुंएं से पर्यावरण प्रभावित होता है। प्रदूषण से पेड़ पौधे ही बचा सकते है। इस दृष्टि से कोरबा नगर मे वृक्षारोपण का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर अजीत वसंत, वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन, महापौर एवं कलेक्टर।

### पार्षद देवांगन ने किया पौधरोपण



एक पेड़ मां के नाम लगाने के आह्वान पर बुधवार को वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद और युवा मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने पौधरोपण किया। जिले में अभियान की शुरुआत किया। इस दौरान श्री देवांगन ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील भी की है। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधारोपण हो सकेगा। सभी लोग मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे इसलिए इसकी देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, चंदन सिंह, राजेंद्र साहू समेत अन्य उपस्थित रहे।

### कोसाबाडी मंडल ने किया पौधे का वितरण



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के अवसर पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कोसाबाडी मंडल के द्वारा सुभाष चौक में फलदार व नीम के पौधों का वितरण करते हुए आग्रह किया गया कि अपने माँ के नाम एक वृक्ष का रोपण करें और उसके बड़े होने तक उसकी देखभाल करें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जोगेश लाम्बा, अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अजय विश्वकर्मा, सुमन सोनी, चंदन सिंह, राजेश सोनी, देवेंद्र सिंह चौहान, भजन सिंह कंवर, अमर दास, मिलन दास के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पर्यावरण के लिए पौधरोपण आवश्यकः प्रेमचंद पटेल



दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 सी से सम्बंधित संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा आज सावन उत्सव के पावन पर्व पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के आतिथ्य में शनिवार को नगर पंचायत छुरी क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में क्लब के सचिव अजय श्रीवास्तव ने बताया कि हर व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए क्योंकि आज नए नए रोड बनाने की वजह से जिस प्रकार से वृक्षों की कटाई की जा रही है वह शायद किसी से भी छुपी हुई नही है। श्रीमती शकुंतला तीरथ राम गोड ने बताया कि अभी हाल ही में इस वर्ष जिस प्रकार से गर्मी पड़ी थी जमीने इतनी गर्म हो गई थी कि इंसान रेगिस्तान में रेत में रोटियां सेक सेक रहे थे जिसका कारण है वातावरण का गर्म होना। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत छुरी दिलीप, मन्नू राठौर, माइक्रो चेयरपर्सन अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष दीपक गर्ग, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, राजूदास दीवान, टेकचन्द अग्रवाल, भारत भूषण, डॉ गोपाल गोस्वामी, हीरालाल यादव पार्षद, सुधीर पाण्डेय सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### मंत्री नेताम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन भी बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने के आह्नान के तहत राज्य के आदिम जाति व अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री रामविचार नेताम ने विकासखण्ड के फारेस्ट रेस्ट हाऊस में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। साथ ही सभी स्कूलों छात्रावास, आश्रमों, अस्पतालों एवं आंगनबाड़ियों में भी अभियान चलाकर वृहद स्तर पर पौधरोपण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान मंत्री श्री नेताम ने जिले में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत विभागीय योजनाजों के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से पाली विकासखण्ड के यथासंभव विकास के संबंध में भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्रीकांत कसेर, जनपद सीईओ पाली भूपेन्द्र सोनवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कर जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

## सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ के तहत विद्यार्थियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



छात्रों को शपथ दिलाते महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत महापौर राजकिशोर प्रसाद ने निगम के वार्ड क्र. 14 में पहुंचकर किए जा रहे साफ-सफाई कार्यों व स्वच्छता गतिविधियों का अवलोकन किया।

**खास बात**

- अभियान के तहत महापौर ने स्वच्छता कार्यों का किया निरीक्षण

स्वच्छता कार्यों के सहभागी बने एवं आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई, उन्हें साफ-सफाई के प्रति प्रोत्साहित किया।

शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप देश व प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ का सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम में भी यह अभियान संचालित किया गया है, जिसके तहत निकाय क्षेत्र के उपलब्ध जल स्त्रोतों की सफाई, नाला-नालियों की सफाई, सार्वजनिक हैण्डपम्प के आसपास व सार्वजनिक पानी टंकियों की सफाई, जल के उचित उपयोग, जलजनित व संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता, निगम क्षेत्र में स्थित जीव्हीपी स्थलों की सफाई एवं उनका रूपांतरण, स्वच्छता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम, सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई, स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कैम्पेन के माध्यम से आवश्यक प्रचार प्रसार, विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ व अन्य संबंधित प्रतियोगिताएं, ठोस अपशिष्ट का उचित प्रबंधन, खुले में कचरा फेंकने पर रोक लगाने हेतु आवश्यक प्रचार प्रसार सहित विभिन्न स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में आमनागरिकों, एस.ई.सी.एल.कोरबा एवं स्वच्छता मित्रों के सहयोग से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा किए जा रहे साफ-सफाई कार्यो से जुड़े इस अभियान में महापौर श्री प्रसाद स्वयं सहभागी बने तथा सफाई कार्यो में हाथ बटाया। वार्ड में स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए महापौर ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई तथा साफ-सफाई के प्रति उन्हें प्रोत्साहित किया।

## एसईसीएल में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय सहित सभी संचालन क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। 16 से 30 जून के बीच आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में एसईसीएल की खदानों, कार्यालयों, कालोनियों आदि में स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ 15 जून को सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा द्वारा मुख्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ हुआ। इसके साथ ही एसईसीएल के सभी संचालन क्षेत्रों में भी सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने हर वर्ष साफ-सफाई के लिए सौ घंटे श्रमदान की शपथ ली। पखवाड़े के बिलासपुर में जनमानस के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु प्रेरित करने के लिए लिए डीएवी स्कूल बिलासपुर के बच्चों द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इसके साथ ही एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में भी नुक्कड़ नाटक, लोकगीत, कीर्तन के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा प्लास्टिक के ऊपयोग को कम करने के लिए स्थानीय बाज़ारों में जूट के थैलों का वितरण भी किया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से भी साफ-सफाई एवं प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने का संदेश दिया गया। इसके अलावा मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों के खदानों, कार्यालयों, अस्पतालों, कालोनियों आदि में श्रमदान कर सफाई अभियान भी चलाया गया एवं डस्टबिन का वितरण कर गीले व सूखे कचरे के सही प्रबंधन के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। पखवाड़े की गतिविधियों के अंतर्गत एसईसीएल में संचालित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम्स की भी साफ-सफाई एवं रख-रखाव किया गया।

## पृष्ठ 3 का शेष

### तीन साल में...

लेकर खामियां सामने आई है। कछुआ गति से चल रहे विभाग के कार्यों में ठेकेदारों की मनमानी भी नजर आई है, किंतु किसी भी ठेकेदार या किसी फर्म को नोटिस जारी करने के अलावा ब्लैक लिस्टेड किए जाने जैसी कार्यवाही नहीं होने के कारण ठेकेदारों ने अपने तरीके से जल जीवन मिशन का कार्य कराया। यही कारण है कि तीन साल में केवल 31 कार्य ही पूर्ण हुए हैं। अर्थात 31 गांव तक ही पानी पहुंचा है। सवाल यह है कि आखिर तीन साल की अवधि में महज 31 कार्य का पूर्ण होना कहीं न कहीं ठेकेदारों की मनमानी और विभागीय उदासीनता नजर आती है।

### मध्यान्ह भोजन...

अध्ययन में रुचि नहीं ले पाते हैं। यह स्थिति कमोबेश जिले के सभी विकासखंडों में हैं। गौरतलब है नई शिक्षा नीति में स्कूलों में बच्चों को सुबह नाश्ता भी अनिवार्य किया गया है। मंत्री देवांगन ने इस संबंध में स्कूली बच्चों को नाश्ता प्रदाय किए जाने की व्यवस्था के लिए कलेक्टर को पत्र भी लिखा था।

### लोकसभा क्षेत्र...

व्यवहार करने और दबाव बनाने के बाद कार्य स्वीकृत किए गए। पूरे पांच साल के लिए 474 कार्य सांसद मद से स्वीकृत हुए थे। जिनमें से 260 कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है, जो कार्य प्रगतिरत हैं उनकी समीक्षा सभी जिला मुख्यालयों में किए जाने के बाद जो प्रगति रिपोर्ट सांख्यिकी विभाग को मिली है उसमें 143 कार्य ऐसे हैं जो प्रगति में है। वहीं 71 कार्य अभी भी शुरू नहीं हो सका है। इधर सांसद मद के पिछले कार्यकाल के बचत खाते को बंद करने की तैयारी चल रही है, जिसके मद्देनजर सभी निर्माण एजेंसियों को रिकार्ड के साथ उनकी जानकारी मांगी गई है।

### सब स्टेशन के...

ट्रांसपोर्टर को बचाने की कोशिश की गई। माना जा रहा है कि इस प्रकार की कारस्थानी के कारण ही फ्लाई ऐश डंप करने वाले लोगों के मनोबल में बढ़ोतरी हो रही है और वह मनचाहे तरीके से कहीं भी अपने काम को अंजाम देने में लगे हुए हैं।

### न्यायालय तहसीलदार दर्री, जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.202405050400006/अ-21/2023-24**
**ग्राम-लाटा प.ह.नं 26, तहसील दर्री**

एतद् द्वारा आम जनता मौजा अगारखार, प0ह0नं0 26, रा0नि0म0 अगारखार, तहसील-दर्री, जिला कोरबा को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत भूमिस्वामी आवेदक श्री ए.एम. केरकेट्टा (अजीत मरसेल केरकेट्टा) जाति-खडिया, निवासी-ग्राम-गलेसेरा, पो.आ. रेगारिह, थाना ठेठाईटांगर पैकपारा, गुमला झारखंड 835223 द्वारा तहसील-कटघोरा, जिला कोरबा द्वारा स्वत्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम-लाटा, प०ह०नं० 26. रा०नि०म० अगारखार, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ0ग0) स्थित भूमि ख0नं0 16/6 एवं 17/15 कुल रकबा 0.008 हे. /0.02ए. (904 वर्गफिट) भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्रीमती सुकमत देवी पति श्री बिसाहू दास जाति पनिका निवासी ढोढ़ीपारा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) को विक्रय करने अनुमति प्रदान किये जाने बाबत कलेक्टर महोदय कोरबा को आवेदन करने पर अ.वि.अ (रा.) कटघोरा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 19.07.2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया। स्थानः- दर्री

**तहसीलदार**
**दर्री, जिला कोरबा (छ.ग.)**

कोरबा मार्केट









तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

इस वर्ष फिर स्वामी आत्मानंद कॉलेज में बायो के छात्रों को नहीं मिलेगा प्रवेश






# सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ाई के साथ बच्चे एलईडी में सीख रहे पोयम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्ले स्कूल की तर्ज पर आंगनबाड़ी केन्द्रों को अपडेट करने की दिशा में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रयास और चलाई जा रही योजनाओं का परिणाम मैदानी स्तर पर दिख रहा है। सक्षम आंगनबाड़ी योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पढ़ाई के साथ एलईडी स्क्रीन में पोयम भी पढ़ाया जा रहा है और मनोरंजन भी कराया जा रहा है।

सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्रथम दृष्टया में उन केन्द्रों को पहले चयन किया गया जहां बिजली की सुविधा उपलब्ध थी और सुरक्षा के इंतजाम होने के साथ भवन भी सर्व सुविधायुक्त थे। ऐसे केन्द्रों को महिला बाल विकास विभाग के द्वारा सक्षम बनाने के लिए चयनित किया गया और इसकी जानकारी राज्य शासन को भेजी गई। स्वीकृति मिलने के बाद सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने के लिए कवायद शुरू हुई। प्ले स्कूल की तर्ज पर आंगनबाड़ी केन्द्रों को समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र का दर्जा दिया जाना था।

इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया और केन्द्रों में एलईडी स्क्रीन, वेट मशीन, झूला और खिलौने आदि सामनों की सप्लाई हुई। शुरूआत में एलईडी स्क्रीन को लेकर सवाल खड़े हो रहे थे, तो कहीं आंगनाड़ी केन्द्रों से एलईडी स्क्रीन की चोरी न हो जाए विभाग के लिए यह यह समस्या थी, किंतु सुरक्षा के इंतजाम होने और सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों को इसके लिए चुना जाना विभाग के लिए योजना के संचालन में सफलता मिली और आज 100 से अधिक समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों के ब्लॉक मुख्यालय में संचालित किए जा रहे हैं।

## बिजली कनेक्शन युक्त 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगे एलईडी स्क्रीन

### खास बातें

- शहर के सात उपनगरीय क्षेत्रों के केन्द्र चले प्ले स्कूल के तर्ज पर
- योजनाओं का परिणाम दिख रहा मैदानी स्तर पर



### बढ़ रही बच्चों की संख्या

सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों में अब बच्चों की संख्या बढ़ने लगी है। पूर्व में बच्चों के अभिभावक आंगनबाड़ी केन्द्रों में अपने बच्चों के नाम दर्ज कराकर केवल पौष्टिक आहार लेने आया करते थे। जिसके लिए आंगनबाड़ी के रिकार्ड में बच्चों की संख्या नजर तो आती थी, किंतु भौतिक स्थिति में बच्चे अनुपस्थित रहते थे, जिसे विभाग ने भी गंभीरता से लिया था। जैसे ही आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने की योजना तैयार हुई और एलईडी स्क्रीन से बच्चों का मनोरंजन कराने जैसे कार्य शुरू हुए। तब विरान नजर आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में धीरे धीरे बच्चों की संख्या बढ़ने लगी है। इस बात को महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से करते हैं।

## खबर संक्षेप

### राजस्व निरीक्षकों ने किया कार्यभार ग्रहण

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से 7 राजस्व निरीक्षकों के मण्डल प्रभार में परिवर्तन किया गया है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा के आदेश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा संबंधित राजस्व निरीक्षकों को उनके नवीन पदस्थापना राजस्व निरीक्षक मण्डल में कार्य करने हेतु भारमुक्त कर दिया गया है। साथ ही सभी राजस्व निरीक्षकों द्वारा नवीन राजस्व निरीक्षक मण्डल में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। जिसके अंतर्गत योगेन्द्र बैस को राजस्व निरीक्षक मण्डल कोरबा, आशीष सोनी को राजस्व निरीक्षक मण्डल पाड़ीमार एवं दादरखुर्द का अतिरिक्त प्रभार, खेलन प्रसाद सूर्यवंशी को राजस्व निरीक्षक मण्डल पसरखेत, पुरूषोत्तम राम धाकड़े को राजस्व निरीक्षक मण्डल कोथारी, नीलकांत यादव को राजस्व निरीक्षक मण्डल दीपका व गेवरा का अतिरिक्त प्रभार, नंद किशोर सिंह राजस्व निरीक्षक मण्डल पाली के साथ ही अतिरिक्त प्रभार लाफा, चक्रधर सिंह सिदार राजस्व निरीक्षक मण्डल पसान के साथ ही अतिरिक्त प्रभार जटगा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मवेशियों को रोकने ग्रामीणों को दी जा रही समझाइश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग में मवेशियों के बेतरतीब जमावड़े को रोकने हेतु ग्रामीणों की बैठक लेकर प्रभावी उपाय अपनाने का आग्रह किया जा रहा है। इस संबंध में आज उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस. पी. सिंह द्वारा पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कपोट, चौतमा, घुईचुंआ व डुमरकछार में ग्राम सभा आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच सहित ग्रामीणों की बैठक लेकर मवेशियों के राजमार्गों में जमावड़े को रोकने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का अनुरोध किया गया।

### 11 से 17 जुलाई तक बिलासपुर रायपुर रूट की 32 ट्रेन रहेंगी रद्द

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अकलतरा-नैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी व ऑटो सिग्नलिंग का काम 12 से 16 जुलाई तक किया जाएगा। इस काम के कारण 11 से 17 जुलाई तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। इसमें से 8 एक्सप्रेस और 13 पैसेंजर ट्रेनें शुरुआत से ही रद्द रहेंगी, जबकि 11 ट्रेनों को गंतव्य प्रस्थान के बीच में रद्द किया गया है। 13 जुलाई को 18249 रायपुर- कोरबा, हसदेव एक्सप्रेस, 14 जुलाई को 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस, 14 जुलाई को 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस, 15 जुलाई को 18252 कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### संविदा पदों पर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य विभाग में रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके तहत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है अभ्यर्थी जिले की वेबसाइट पर एवं सीएमएचओ कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पदों के भर्ती हेतु जारी पात्र-अपात्र सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है।

## ग्रामीण अंचलों में जल जीवन की कछुआ चाल

# तीन साल में 31 गांव तक पहुंचा जल जीवन का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में चल रही जल जीवन मिशन योजना की कछुआ चाल से लोग हलाकान हैं, तो वहीं नई बनी सहकारी समितियों में गोदाम की सुविधा नहीं होने के कारण अभी भी किसानों को खाद व बीज लेने के लिए पुरानी समितियों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर अभी भी स्वीकृति नहीं मिलने से नई समितियों में गोदाम के निर्माण को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत 2021 में जिले में इस योजना के तहत कार्य शुरू किए गए। 720 ग्राम वाले कोरबा जिले में कार्य को टेंडर के द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से कराया गया। विभाग के अनुसार 31 गांव तक जल जीवन मिशन के कार्य पूरे होने के बाद वहां के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलने लगा है, जबकि अभी भी 703 गांव जल जीवन मिशन योजना के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। तीन साल में जिस तरह से कार्य हुए हैं उससे कार्य के संचालन को ⏭ शेष पेज 2 पर



### 1200 करोड़ रूपये हुए हैं स्वीकृत

जिले के सभी गांव क घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कई चरणों में कार्य किया जाना है, जिसमें ओव्हर हेड टैंक निर्माण, पाईप लाईन, टेप नल कनेक्शन, आंगनबाड़ी स्कूलों में नल कनेक्शन तथा गांव के सरकारी कार्यालयों में नल कनेक्शन दिया जाना शामिल है। इसके अलावा ओव्हर हैड टैंक से लेकर गांव तक मेन पाईन लाईन बिछाने का कार्य एवं गली गली छोटी पाइप लाईन बिछाने कार्य किए जाने के लिए लगभग 1200 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### गोदाम नहीं, खाद भंडारण की समस्या

जिले में कुल 41 सहकारी समितियां संचालि है, जिनमें महज 27 आदिवासी सहकारी सेवा समितियों में खाद एवं बीज के भंडारण के लिए गोदाम की व्यवस्था है। शेष 14 सहकारी समितियों में जो पिछले वर्ष ही बनाई गई है उनमें गोदाम का निर्माण नहीं किए जाने से वहां खाद बीज के भंडारण की समस्या निर्मिता हो गई है। इन नये समितियों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसानों को खाद एवं बीज लेने के लिए लंबा समय तय करना पड़ रहा है। जिस समस्या से किसानों को निजात दिलाई जानी थी उसमें केवल धान खरीदने की ही सुविधा मिली है। खाद एवं बीज लेने के लिए अभी भी लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। इस वर्ष जिले में खाद भंडारण के भी नए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जिनमें यूरिया के लिए 6 हजार मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 1860, डीएपी 2600, एनपीके 1140, एमओपी 300 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कुल 11 हजार 900 टन खाद भंडारण का लक्ष्य था। जिसके विरूद्ध 9407.575 मीट्रिक टन खाद का भंडारण हो चुका है। इन खाद की समस्या से किसान जूझ रहे हैं। यूरिया की डिमांड के अलावा डीएपी की सर्वाधिक मांग किसानों के द्वारा की जा रही है और दोनों ही खादों की शॉर्टेज बताई गई है। खाद के अलावा धान बीज का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया था। धान की इस बार कई वैरायटी आई है। जिनमें स्वर्णा, एमटीयू 1001, एमटीयू 1010, एमटीयू 1156, इंदिरा, स्वर्णा सब, छत्तीसगढ़ 1919, देवभोग, मधुराज, राजेश्वरी जिनमें इनके भंडारण कुल लक्ष्य 11126.8 क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिसमें से 8 हजार 973 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है। अभी भी 2 हजार क्विंटल से अधिक बीज सोसायटियों में रखे गए हैं। धान और खाद लेने वाले किसानों की संख्या 10 हजार 86 है।

# मध्यान्ह भोजन के पहले मिलेगा पौष्टिक नाश्ता : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्राथमिक और मीडिल स्कूल के बच्चों को स्कूलों में मध्यान्ह भोजन से पूर्व पौष्टिक नाश्ता भी मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों को नश्ता उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसकी शुरुआत जिले के कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के स्कूलों से होगी, जिसका विस्तार निकट भविष्य में जिले के शेष विकासखंडों में होगा।



लखनलाल।

उक्त बातें उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नई शिक्षा नीति के तहत कही। उन्होंने जिले में संपूर्णता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया और कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। मंत्री देवांगन ने बैठक में जिले के स्कूली बच्चों को शीघ्र ही सुबह के समय नाश्ता प्रदाय किए जाने की योजना पर प्रसन्नता जतायी और कहा कि कोरबा इस अभिनव योजना के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ का अग्रणी जिला होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य सभी सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाना है। स्कूली बच्चों के नश्ता दिए जाने की यह व्यवस्था इसी प्रयास की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि स्कूल पहुंचते ही बच्चों को नाश्ता मिलेगा, इससे बच्चों का मन पढ़ाई में और ज्यादा लगेगा। जिला श्रम नगरी है, परिजन काम के लिए सुबह से निकल जाते हैं। जिसके चलते श्रमिक परिवार के बच्चे भूखे पेट स्कूल जाते हैं, दोपहर में मध्यान्ह भोजन का समय 1.30 बजे तक खाली पेट पढ़ाई करते हैं। इस वजह से बच्चे ⏭ शेष पेज 2 पर

# लोकसभा क्षेत्र में सांसद मद से स्वीकृत आधे से अधिक काम पूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते लोकसभा के कार्यकाल में सांसद मद से लोकसभा के सभी आठों विधानसभा के लिए स्वीकृत किए गए कार्यों में आधे से अधिक कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, जो कार्य प्रगति पर है उसके रिकार्ड सभी निर्माण एजेंसियों से तलब किए गए हैं। नई लोकसभा का कार्यकाल शुरू होने से पिछले वर्ष के बचत खाते को बंद करने की कवायद शासन स्तर पर शुरू हो गई है, जिसके मद्देनजर सभी ऐसी एजेंसियां जिन्हें सांसद मद के कार्य आबंटित किए गए हैं उनसे रिपोर्ट तलब की गई है।

18वीं लोकसभा का कार्यकाल शुरू होने के साथ ही 17वीं लोकसभा के कार्यकाल में सांसद मद से लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा में विकास के कार्य स्वीकृत किए गए थे। 2019-20 में कोरोना संक्रमण की वजह से कार्यों में गति नहीं आ सकी थी। जिसकी वजह से कार्यों के पूर्ण होने में विलंब की स्थिति निर्मित हुई। कोरोना संक्रमण समाप्ति के बाद विकास कार्यों को पूरा करने की दिशा में गति लायी गई। सभी विधानसभा के निर्माण एजेंसियों को कार्य पूरा करने लगातार पत्र ⏭ शेष पेज 2 पर

### खास बातें

- अपूर्ण कार्यों की जनपद पंचायतों से मांगी गई जानकारी
- खाता बंद होने की कवायद शासन स्तर पर हुई शुरू



### निर्माण कार्यों का फोटो किया गया अनिवार्य

सांसद मद से स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर राज्य शासन ने अब ऐसे सभी कार्य जो पूर्ण हो चुके हैं और जो प्रगति में है उनकी फोटो सहित जानकारी मांगी है। जिससे यह स्थिति सामने आ सके कि किस विधानसभा में कितने कार्य पूर्ण हुए हैं और कितने कार्य अभी चालू हैं। पूर्व में जानकारी बिना फोटो के लिए जाने के कारण कार्यों की वास्तविक स्थिति का आंकलन नहीं हो पाता था। इसलिए सभी कार्यों की फोटो सहित जानकारी तलब की गई है।

### 18 करोड़ की राशि हुई थी स्वीकृत

| वर्ष | राशि (करोड़ में) | स्वीकृत कार्य | पूर्ण कार्य | प्रगति कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 2019-20 | 106.80 | 81 | 81 | 00 |
| 2020-21 | 138.32 | 52 | 45 | 07 |
| 2021-22 | 288.65 | 81 | 65 | 16 |
| 2022-23 | 619.99 | 135 | 46 | 85 |
| 2023-24 | 546.70 | 125 | 23 | 35 |
| योग | 1700.47 | 474 | 260 | 143 |

# सब स्टेशन के पास डंप कर दी राख, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से 5 किमी दूर भालूसटका गांव में सब स्टेशन के निर्माण के दौरान राखड़ का उपयोग करना विद्युत विभाग को काफी महंगा पड़ गया है। पिछले पांच दिनों से हुई लागातार बारिश के कारण सब स्टेशन राखड़ से पट गया। पिछले तीन दिनों से सब स्टेशन में मौजूद राख को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

भालूसटका गांव के पास बना सब स्टेशन है,जो पिछले पांच दिनों की बारिश में राखड़ से पट गया है। सब स्टेशन निर्माण के दौरान गहराई को भरने के लिए राखड़ का उपयोग किया गया था। मूसलाधार बारिश के कारण राख बाहर गया और पूरे सब स्टेशन में फैल गया। जेसीबी, ट्रक और ट्रेक्टर के माध्यम से राखड़ को निकालने का काम जारी है,लेकिन अब तब कार्य पूरा नहीं हो सका है। तीनों दिनों से राख को निकालने का काम किया जा रहा है,जो अब भी जारी है। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी और ग्रामीणों ने बताया कि मनमानी तरीके से फ्लाई ऐश को डंप करने से यहां पर समस्याएं बढ़ गई हैं। बारिश के मौसम में दबाव से फ्लाई ऐश बहते हुए आसपास के क्षेत्र में फेल रहा है। इसके चलते समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इस बात को लेकर भी नाराजगी बनी हुई है कि आखिर किसके कहने पर इस प्रकार की हरकतें ट्रांसपोर्टर और उनके लोगों की ओर से की जा रही है। याद रहे इससे पहले भी कोरबा शहर के आसपास के क्षेत्र में विभिन्न बिजली घरों से उत्सर्जित फ्लाई ऐश को मनमाने तरीके से डंप करने और लोगों को परेशान करने की घटनाएं हो चुकी हैं। कोरबा के कुछ जागरूक लोगों के द्वारा जन स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मुद्दा बात कर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की भोपाल स्थित बेंच में परिवाद दायर किया गया था, जिस पर जांच समिति कोरबा भेजी गई। इस मामले में बहुत ज्यादा परिणाम सामने नहीं आ सके और एक प्रकार से फ्लाई ऐश डंप करने वाले ⏭ शेष पेज 2 पर



## खबर संक्षेप

### स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार का आयोजन आज

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिमासानुसार इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एमआई जी 20, आरपीनगर फेस 2 निहारिका में 7 जुलाई को अति शुभ रवि-पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये उनकी इम्यूनिटी बढ़ाने हेतु हिमालया सेप्टीलीन गम्मीस स्वादिष्ट इम्यूनिटी वर्धक टेबलेट निशुल्क खिलाया जायेगा।

### धरमजयगढ़ लौटे हाथी ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के कोरबा रेंज में घूम रहे 10 हाथियों का झुंड वापस धरमजयगढ़ वन मंडल लौट गए हैं। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है लेकिन वन अमले को इसकी भनक नहीं लगी। दूसरी ओर अभी भी कुदमुरा रेंज में 13 हाथियों का झुंड घूम रहा है, इससे ग्रामीण भी डरे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी भोजन की तलाश में रात के समय निकलते हैं। इस वजह से भी डर बना रहता है। हाथी कभी भी चावल खाने मकान को तोड़ देते हैं। कटघोरा वन मंडल में भी 48 हाथी अलग-अलग झुंड में घूम रहे हैं। केंदई रेंज के कापा नवापारा में 15 हाथियों का झुंड है। हाथी अभी गांव के आसपास नहीं जा रहे हैं। अधिकांश समय जंगल में ही घूम रहे हैं। रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों की निगरानी के लिए टीम लगी हुई है, हाथी अभी शांत है।

### सड़क हादसों में कमी लाने ब्लैक स्पॉट में लगाए जा रहे रेडियम

**कोरबा।** नेशनल हाइवे 130बी पर लगातार हो रहे हादसों का अध्ययन करने के साथ प्रशासन यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर कुछ महीने पहले ब्लैक स्पाट को चिन्हित किया है। साथ ही उसे हटाने का काम किया। बारिश के मौसम में रात्रिकालीन आवाजाही के दौरान संभावित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर अब ट्रैफिक पुलिस ने रेडियम पट्टी लगाने का काम शुरू किया है। कटघोरा, पाली और उरगा मार्ग पर इस तरह का काम ट्रैफिक जवानों ने किया। खासतौर पर रात्रि के दौरान ऐसे क्षेत्र जहां पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है और वहां से आवाजाही व्यस्त है, ऐसे में तेज वर्षा की स्थिति में दृश्यता पर असर पड़ता है। इस चक्कर में हादसे होने की आशंका बनी रहती है। इसे ध्यान में रखने के साथ ट्रैफिक पुलिस अपनी ओर से काम कर रही है। पुलिस ने बताया कि वाहन चालकों को गाडि़यों में दोनों तरफ रिफ्लेक्टर लगाने को कहा गया है।

### हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण में हो रही परेशानी

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र में हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया जा रहा है, लेकिन राशन कार्ड वितरण करने पहुंचे कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है। वार्डवासियों ने राशनकार्ड का वितरण करने वाले कर्मियों पर शराब सेवन का आरोप लगाया है। लोगों ने इसका विरोध भी किया है। राशन कार्ड वितरण ने हितग्राहियों की परेशानी बढ़ा दी है। नया राशन कार्ड छपने के बाद शहरी क्षेत्र में इसका वितरण का काम नगर निगम को दिया गया है, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही वजह से हितग्राहियों को नया राशन कार्ड लेने में पसीना छूटने लगा है। विभिन्न जगहों पर नगर निगम ने राशन कार्ड वितरण की व्यवस्था की है, जहां हितग्राहियों को स्वयं से अपना राशन कार्ड ढूंढने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके कारण हितग्राहियों को कार्ड ढूंढने में कई घंटे लग रहे हैं, वहीं कई हितग्राहियों को घंटों ढूंढने के बाद भी कार्ड मिल नहीं पा रहा है, जिसके कारण उन्हें बार-बार कार्ड लेने के लिए वितरण केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### रेलवे स्टेशन में अनारक्षित टिकट कांउटर को किया गया शिफ्ट

**कोरबा।** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट कार्यालय का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। इसके कारण अनारक्षित टिकट कार्यालय को अस्थाई रूप से आरक्षण कार्यालय में 6 जुलाई से स्थानांतरित करवाया गया है। आरक्षण कार्यालय कोरबा के काउंटर संख्या 5, 6 एवं 7 को अनारक्षित टिकट काउंटर में परिवर्तित किया गया है। बूकिंग कार्यालय का नवीनीकरण जो कि आगामी एक माह तक चल सकता है, तब तक अनारक्षित टिकटों को आरक्षण कार्यालय से ही जारी किया जाएगा। यात्रीगण कृपया अनारक्षित टिकट आरक्षण के उपरोक्त काउंटर से प्राप्त करें। इसके साथ ही अनारक्षित टिकट प्राप्त करने के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में दो एटीवीएम मशीन उपलब्ध है जिसमें टिकटें ली जा सकती हैं।

### आरक्षक ने गुम पर्स को दिलाया वापस

**कोरबा।** बीते दिनों ग्राम भादा कनकी निवासी अच्छे दास का पर्स एटीएम, वोटर आईडी कार्ड गुम हो गया था जिसके कारण अच्छे दास काफी परेशान था। यातायात विभाग में पदस्थ आरक्षक गजानंद यादव को अच्छे दास का पर्स सड़क पर गिरा मिला। जिसके बाद आरक्षक गजानंद ने अच्छे दास के आईडी के माध्यम से सम्पर्क कर उसे वापस कर दिया।

# इस वर्ष फिर स्वामी आत्मानंद कॉलेज में बायो के छात्रों को नहीं मिलेगा प्रवेश

## बायो लेकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के समक्ष भटकने की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सरकारी स्कूलों में अग्रेसी की शिक्षा देने के लिए पूर्व सरकार के समय शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से बायो विषय में 12वीं पास करने वाले छात्रों को इस वर्ष भी इंग्लिश मीडियम कॉलेज में प्रवेश नहीं मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा पत्र लिखे जाने के बावजूद उच्च शिक्षा विभाग ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज में बीएससी स्नातक में बायो विषय की शुरूआत नहीं की है।

जिले में एक मात्र इंग्लिश मीडियम कॉलेज स्वामी आत्मानंद कॉलेज के नाम से बीएससी, बीकॉम एवं बीए की स्नातक स्तर की कक्षाएं अंग्रेजी माध्यम से संचालित की जा रही है। बीते वर्ष ही कॉलेज की शुरूआत हुई है, जब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज की शुरूआत हुई तब स्वामी आत्मानंद स्कूल से बायो विषय से 12वीं पास करने वाले छात्रों को पूरी उम्मीद थी कि उन्हें इंग्लिश मीडियम कॉलेज में प्रवेश मिलेगा, किंतु उनकी उम्मीद पिछले वर्ष ही पूरी नहीं हो सकी। उच्च शिक्षाव विभाग के द्वारा इंग्लिश मीडियम कॉलेज में जिन कक्षाओं को शुरू करने की अनुमति दी है उनमें बीए, बीकॉम के अलावा बीएससी मैथ्स की कक्षाएं शामिल है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से मैथ्स में 12वीं पास करने वाले छात्र-छात्राओं को इंग्लिश मीडियम कॉलेज में प्रवेश तो मिल गया, लेकिन बायो से 12वीं पास करने वाले छात्रों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। समाचार पत्रों में इस संबंध में खबर प्रकाशन होने के बाद तत्कालीन कलेक्टर संजीव कुमार झा ने इस पर संज्ञान लेते हुए उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर इंग्लिश मीडियम कॉलेज में बीएससी बायो की कक्षाएं शुरू करने की बात कही थी, किंतु एक वर्ष बाद भी जिला प्रशासन के द्वारा भेजे गए पत्र पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संज्ञान नहीं लिए जाने के कारण इस वर्ष भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज में बीएससी बायो की कक्षाएं शुरू नहीं हो सकेंगी। छात्रों को यह उम्मीद थी कि उन्हें इस वर्ष इंग्लिश मीडियम कॉलेज में प्रवेश मिल सकेगा, किंतु उनकी यह उम्मीद इस वर्ष भी धरी की धरी रह गई।

**खास बातें**

- जिला प्रशासन के पत्र भी उच्च शिक्षा विभाग ने नहीं लिया संज्ञान
- इस वर्ष भी छात्रों को निराशा लगी हाथ



### नहीं आया कोई पत्र

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज में बीएससी बायो शुरू करने कोई भी पत्र उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जिला प्रशासन को आज तक नहीं मिला है। हालांकि सत्र शुरू होने के पूर्व दोबारा इस संबंध में पत्र प्रेषित किया गया है, किंतु दोबारा भेजे गए पत्र पर भी उच्च शिक्षा विभाग ने कोई संज्ञान नहीं लिया और बीएससी बायो की कक्षाएं शुरू होने के संबंध में कॉलेज प्रबंधन के साथ साथ प्रशासन भी कुछ भी कहने में असमर्थ है।

## आज निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

# आस्था का इतिहास है दादरखुर्द की जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दादर खुर्द में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा का महोत्सव 7 जुलाई को धूमधाम के साथ आयोजित होगा। इसके लिए मंदिर परिसर में तैयारी की जा रही हैं। रथ यात्रा के आयोजन का यह 123 वर्ष है, जिसे लेकर आसपास के लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है।रथ द्वितीय के नाम से भी विभिन्न क्षेत्रों में रथ यात्रा महोत्सव बनाने की परंपरा है जिसमें हजारों ही नहीं बल्कि लाखों की संख्या में भक्तों की उपस्थिति दर्ज होती है।

जिले के दादरखुर्द क्षेत्र में रथ यात्रा का अपना विशेष महत्व है और इसकी एक अलग पहचान है। 123 वर्ष इस परंपरा के पूरे होने जा रहे हैं। निगम के वार्ड क्रमांक 31 खरमोरा के अंतर्गत आने वाले दादर खुर्द में जगन्नाथ मंदिर परिसर में रथ यात्रा को लेकर जरूरी तैयारियां की जा रही है। यहां पर रथयात्रा से संबंधित कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि समय से पहले प्राथमिक काम पूरे हो सके। रथ निर्माण के साथ-साथ आसपास का रंग रोगन भी किया जा रहा है। जगन्नाथ मंदिर के पुरोहित रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से यहां पूजा अर्चना की जिम्मेदारी संभालता रहा है। पुरोहित ने बताया कि दादर खुर्द की रथ यात्रा को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित होती है। कई प्रकार के आयोजन भी यहां पर इस श्रृंखला में किए जाते हैं। रथ यात्रा पर्व का हर किसी को काफी इंतजार रहता है। रथ यात्रा महोत्सव से पहले यहां गोंचा पर्व पर महाप्रभु का महा स्नान कराया गया। 7 जुलाई को रथ यात्रा दिवस को प्रातः 7 बजे पूजन अर्चन किया जाएगा और दोपहर से भंडारा की शुरुआत होगी। दोपहर बाद 3 बजे रथ यात्रा के भ्रमण का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। रात्रि 8 बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अपनी मौसी मां के यहां गुंडिचा मंदिर में विश्राम करेंगे। 16 जुलाई को रथ यात्रा की वापसी धूमधाम के साथ होगी और भगवान अपने मुख्य मंदिर में पहुंचेंगे।



रथ का निर्माण करते कारीगर।



मंदिर में विराजे जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की प्रतिमा।

### तीन पीढ़ी गुजर गई पूजा अर्चना में



जगन्नाथ मंदिर के पुजारी पंडित रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी का जन्म 5 जून 1942 को दादर में हुआ है। इनकी मानें तो वे अपने परिवार की चौथी पीढ़ी हैं, जो भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं, देव प्रसाद द्विवेदी उनके बाबा थे। उनके तीन पुत्र नंदकेश्वर प्रसाद द्विवेदी, भुवनेश्वर प्रसाद द्विवेदी एवं रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी हैं, इनमें रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी ही अभी भी पूजा अर्चना का कार्य करते आ रहे हैं। 65 साल इन्हें हो गए रथ यात्रा के दौरान भगवान के श्रृंगार और भोग प्रसाद चढ़ाते हुए। श्री द्विवेदी कहते हैं कि शुरूआत में केवल भात का ही प्रसाद चढ़ा करता था और आज भी वही परंपरा है।

### अंचल की यह ऐतिहासिक यात्राः पटेल



दादरखुर्द निवासी नरेश राम पटेल का कहना है कि वे जगन्नाथपुरी गए हैं और वहां की यात्री भी देखें हैं। दादर की यात्रा भी उसी तर्ज पर है और इस अंचल की यह ऐतिहासिक यात्रा है। आम तौर पर कई ऐसे त्यौहार होते हैं जब घर की बेटियां ससुराल से मायके आती हैं उन पर्व में दादर की रथ यात्रा का पर्व भी शामिल है, जिसके लिए घर से बाहर बाहर सुसराल गई बेटियां रथ यात्रा के समय मायके आती हैं। इसके अलावा अन्य रिश्तेदार भी केवल यात्रा देखने उनके घर आते हैं।

### मिट्टी के बर्तन में बनता है प्रसाद

भगवान जगन्नाथ को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाने वाला भात मिट्टी के बर्तन में पकाया जाता है। इसके लिए कुम्हार से नये बर्तन बनवाए जाते हैं और उसमें ही प्रसाद बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। पुराने समय प्रसाद के अलावा दाल चावल व सब्जी का ही भंडारा हुआ करता था। आज बदलते दौर में उनका स्थान खीर पूड़ी और मिठाइयां ले ली है लेकिन पूजा की परंपरा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज भी रथ यात्रा में थवाईत परिवार ही यात्रा की शुरूआत करता है।

### रथ यात्रा का इतिहास

1899 से प्रत्येक आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को निकाले जाने वाली रथ यात्रा आस्था का इतिहास बताती है। दादरखुर्द रथ यात्रा औद्योगिक अंचल कोरबा की वह यात्रा है जो जगन्नाथ पुरी का अहसास कराती है। कई पीढ़ियां इस रथयात्रा को देखने में गुजर गई और जो बचे हैं उनके जेहन में रथ यात्रा की जो पुरानी यादें आज भी ताजा हैं। 100 साल से अधिक समय से चली आ रही इस रथ यात्रा का संबंध गांव के थवाईत परिवार से है। जिनके पूर्वज स्व.झाड़ूराम थवाईत को स्वप्न में भगवान जगन्नाथ ने दर्शन देकर गांव में मंदिर बनवाने को कहा। इस स्वप्न को झाड़ूराम ने अपने भाई स्व.रामभरोस के सहयोग से मंदिर निर्माण कर भगवान की मूर्ति की स्थापना करने के बाद रथ यात्रा का शुभारंभ किया। तब से 122 साल पूर्ण होने को हैं, रथयात्रा अनवरत चली आ रही है। जब जब इस यात्रा की तैयारी होती है गांव में नाते रिश्तेदारों का आना थी शुरू हो जाता है। जब इस रथ यात्रा की शुरूआत हुई तब लकड़ी के एक छोटे से चार चक्के वाले ठेले में रथ बनाकर भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाती है।

### कुएं में चार ग्रामीणों की मौत पर सांसद ने जताया दुख

**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने जिले के कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुराली डिपरापारा में शुक्रवार को कुएं में चार ग्रामीणों की आकस्मिक मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना जाहिर की है। सांसद ने कहा है कि यह घटना काफी हृदय विदारक है जिसमें पिता को बचाने के लिए पुत्री की भी जान चली गई। एक अन्य रिश्तेदार व पड़ोसी ने भी इनके जीवन की रक्षा के लिए अपनी जान गंवा दी। सांसद ने पूरे मामले की जानकारी कलेक्टर से लेते हुए पीड़ित परिवारों को उचित राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। सांसद ने सक्ती जिले के ग्राम किकिरदा में पिता और दो पुत्रों सहित पांच लोगों की भी कुएं में हुई मौत पर दुःख व्यक्त किया है।

### करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोरबा।** जिले के एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में डंफर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ आदर्श नगर कुसमुंडा निवासी रविंद्र सिंह के पुत्र की अमन सिंह की बीते शुक्रवार की देर रात करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल कुसमुंडा कर्मी रविंद्र सिंह का पुत्र अमन सिंह उम्र लगभग 21 वर्ष बिलासपुर जिले के जेके इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। कॉलेज से कुछ दूर अशोक नगर इलाके में किराए के मकान में अपने दोस्तों के साथ निवासरत था। बीते शुक्रवार की रात उसी किराए के मकान की छत में मित्रों के साथ बैठा हुआ था जहां छत के ऊपर से गुजरी हुई बिजली की तार में अचानक उसका हाथ लग गया।

## शराब दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरबसपुर स्थित देशी शराब दुकान में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपयों के पास से 28 पाव देशी शराब व 20 पाव मशाला शराब जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त दर्री गेवरा श्रीमती दीपमाला नागदेव उम्र 33 वर्ष पति आकाश लक्षवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 जुलाई की रात्री में अज्ञात आरोपियों के द्वारा बरमपुर स्थित देशी मंदिरा दुकान के पीछे दीवार को सेंधमार कर अंदर घुसकर 96 नग देशी प्लेन शराब एवं 96 नग मशाला शराब एवं चिल्हर रूपये को चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला में अपराध क्र. 238/24, धारा 331 (4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियो की पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान पुलिस ने आरोपी बरमपुर स्कूल पारा निवासी समीर खान उम्र 23 वर्ष पिता अलाउद्दीन एवं सर्वमंगला मंदिर के पास निवासी मोख जिबराईल उर्फ डब्बू उम्र 22 वर्ष पिता भोख जीरू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्ज से एक लोहे का सब्बल एवं बोरी में रखे 28 पाव प्लेन शराब एवं 20 पाव मशाला शराब जब्त किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### अलग अलग घटना में दो की मौत

**कोरबा।** बांगो क्षेत्र में दो लोगों की अलग अलग घटना में मौत हो गई। इनमें से एक सडक़ हादसे का शिकार हुआ और दूसरे को सांप के काटने से हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। सुदन सिंह बिंझवार (56 वर्ष) की सडक़ हादसे में मौत हो गई। उसे मुख्यमार्ग बांगो कन्या छात्रावास के सामने अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इसी तरह अर्जुन धनुहार (17 वर्ष) की मौत सर्प के कांटने से हो गई। बताया जा रहा है कि चुनाभट्टी लेपरा में सुबह 4 बजे मृतक अपने कमरे में सो रहा था। इसी दौरान विषैले सर्प ने उसे काट लिया था। किशोर की चीख सुनकर परिजन हरकत में आए। कुछ घंटे बाद उसे अस्पताल भिजवाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

### अस्पताल से युवक लापता

**कोरबा।** जिले का एक युवक रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर पचपेड़ी नाका से बिना बताए कहीं लापता हो गया है। पिता ने उसके गुम होने की सूचना दर्ज करा दी है। लापता युवक रिदीप गांगुली पिता सुदीप गांगुली एमआईजी 99 आरपी नगर फेस-2 कोरबा में निवासरत हैं। लापता युवक रिदीप के पिता सुदीप गांगुली ने बताया कि रिदीप को न्यूरो संबंधी बीमारी थी जिसका रूटीन चेकअप के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में 5 जुलाई को लेकर गए हुए थे।

## नगर पंचायत छुरी कला में पीआईसी का गठन











**कटघोरा।** नगर पालिका परिषद छुरीकला के मुख्य नगर पा लि का अधिकारी ने पीआईसी का गठन किया गया है। जिसमें पार्षद हीरानंद पंजवानी को विधि तथा सामान्य प्रशासन, राकेश प्रताप सिंह को राजस्व तथा बाजार विभाग, श्रीमती नीरादेवी चेलकर को शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण विभाग, श्रीमती मधुराज कुमार अग्रवाल खाद्य नागरिक आपूर्ति स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, हीरालाल यादव आवास पर्यावरण लोक निर्माण एवं जल कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

### गेट में फंसने से गाय की मौत

**कोरबा।** एनटीपीसी और इंदिरा नगर के मध्य एक बाउंड्रीवॉल में ग्रामीणों का आवागमन हेतु यू सेफ का छोटा गेट दिया गया है। जिसमे ग्रामीण व स्कूली बच्चे आना जाना करते हैं। इसी गेट से मवेशी भी आना जाना करते हैं। मवेशी कॉलोनी के अंदर न घुस सके उसके लिए एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा सिक्योरिटी गार्ड भी गेट पर तैनात किया गया है। बाबजूद मवेशी कॉलोनी के अंदर घुस जाते हैं जिसे सिक्योरिटी गार्ड द्वारा बाहर निकालने के लिए दौड़ाया जाता है। इसी गेट में बुधवार को सुबह एक गाय फंस गई और बाहर नहीं निकल सकी।

### 3 चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सक्ती।** चोरी की 3 बाइक के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के हटरी रोड वार्ड नंबर 7 निवासी प्रार्थी सुमित अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल उम्र 41 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 मई की रात्रि 11 बजे अपने दुकान के सामने अपनी हीरो डीस्टिनी स्कूटी क्रमांक सीजी-11 एटी 1586 को खड़ी कर सो गया था। इसी दौरान 14 मई की सुबह 9 बजे देखा तो मेरी स्कूटी खडी किये जगही पर नहीं था। अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो देखा कि वाहन चालक जितेन्द्र साहू पिता दिलचंद साहू निवासी सकरेली कला के द्वारा 14 मई को अपने एक दोस्त के साथ बाइक से आए और स्कूटी को चुराकर ले गए। स्कूटी क्रमांक सीजी 11 एटी 1586 की कीमती लगभग 20 हजार रूपये की है।






## बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

# बेलाकछार में लचर विद्युत व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा ब्लॉक के ग्राम दोंदरो-बेलाकछार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण हलाकान हैं। यही वजह है कि आक्रोशित ग्रामीणों ने वितरण कंपनी की ओर से उचित कार्यवाही नहीं होने पर इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

पूर्व में ग्राम बेलाकछार-संगमनगर का बिजली पाड़ीमार जोन से सप्लाई किया जाता था। मगर दर्री सबस्टेशन में स्थान्तरण करने के बाद से समस्या और गंभीर हो गई है। उक्त समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया है। जिसमे मुख्यमंत्री द्वारा समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिवस की भीतर मांगे पूर्ण नहीं होती तो वे जिला मुख्यालय में घेराव करने हेतु बाध्य होंगे। जनपद सदस्य कौशल पटेल व ग्रामीणों की मांग है की पूर्व मैं बिजली की आपूर्ति पाड़ीमार जॉन से की जाती थी दरी जॉन में स्थानांतरण होने के बाद समस्याएं काफी बढ़ गई है जिसे पुनः पड़ीमार जोन में किया जाए बिजली की समस्या को लेकर बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं वरिष्ठ अधिकारियों समेत कलेक्टर जन चौपाल में भी कई बार उक्त मामले की शिकायत की जा चुकी है परंतु आज पर्यंत तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। श्रम उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने भी उक्त समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता के नाम पत्र लिखते हुए ग्राम बेलाकछार,संगम नगर आदि की बिजली को पाडीमार जोन में जोडऩे एवं ट्रांसफॉर्मर लगवाने की बात कही थी, मगर मंत्री के उक्त पत्र का भी असर देखने को नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे ग्राम में बिजली के तार जमीन से काफी कम ऊंचाइयों में है जिसे आसानी से हाथ से छुआ जा सकता है। जिसकी शिकायत विद्युत विभाग से कई बार की जा चुकी है परंतु इस पर भी विद्युत विभाग उदासीन है। उन्होंने बताया कि बिजली तार की चपेट में आने से बीते वर्ष एक महिला की मृत्यु हो गई थी इसके साथ ही कई मवेशी भी इसकी चपेट में आते रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली बंद होने पर एवं शिकायतों के लिए जब बिजली विभाग के कर्मचारियों से फोन किया जाता है, तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। इसके साथ ही अधिकांश समय उनके फोन बंद रहते हैं।



फाइल फोटो


हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780